द न्यू रोल्स रॉयस घोस्ट
सादगी में परफेक्शन

1 सितंबर 2020, गुडवुड, वेस्ट ससेक्स

#ROLLSROYCEGHOST

"पहला गुडवुड घोस्ट क्लाइंट्स की उम्र और नजरिए दोनों के लिहाज से एक समूची नई पीढ़ी के प्रति रिस्पॉन्स था। इन पुरुषों और महिलाओं ने रोल्स-रॉयस का मालिक होने के लिए हमसे थोड़े छोटे और कम भड़कीले साधन की ख्वाहिश की थी। हमने उनके लिए जो उत्पाद बनाया उसकी सफलता ने हमारी सबसे महत्वाकांक्षी अपेक्षाओं को पूरा किया। 2009 में शुरू हुए अपने दस साल के जीवनकाल में, घोस्ट ब्रांड के 116 साल के इतिहास का सबसे सफल मॉडल बन गया है।

अगले दस बरस हमारे घोस्ट क्लाइंट्स के साथ अनुगूंजित हो, ऐसा एक नया उत्पाद बनाने का मतलब है कि हमें उनकी मांगों को बड़े ध्यान से सुनना ही था। आज हमने रोल्स रॉयस क्लाइंट्स के एक अद्वितीय समूह के लिए पूरी तरह से नई मोटर कार निर्मित करके ग्राहक केंद्रियता के नए मानक स्थापित किए हैं। अपने घोस्ट से इन बिजनेस लीडर्स और आंत्रप्रेन्योर्स की ख्वाहिशें पहले से कहीं ज्यादा हैं। उन्हें एक नए प्रकार के सुपर-लक्ज़री सैलून की दरकार है जो डायनैमिक, सहज रूप से आरामदायक और अपने मिनीमलिज्म में परिपूर्ण हो। घोस्ट ही यह प्रॉडक्ट है।

पहले गुडवुड घोस्ट से हमने जो चीजें ली हैं, वो हैं सिर्फ स्पिरिट ऑफ एक्स्टसी और अंब्रेलास। इनके अलावा बाकी सबकुछ बिल्कुल नए सिरे से डिजाइन किया गया, गढ़ा गया और इंजीनियर किया गया है। नतीजा है, तकनीकी रूप से अब तक का सबसे एडवांस्ड रोल्स रॉयस। यह हमारे ब्रांड के स्तंभों को एक खूबसूरत प्रॉडक्ट का रूप देता है जो मिनीमलिस्ट होने के बावजूद बेहद कॉम्प्लेक्स है। यह हमारे घोस्ट क्लाइंट्स की जरूरतों के अनुरूप है और जमाने के साथ पूरी तरह से मेल खाता है।"

The Drive, Westhampnett, Chichester, PO18 0SH, UK +44 (0)1243 384000 enquiries@rolls-roycemotorcars.com www.rolls-roycemotorcars.com

Rolls-Royce Motor Cars Limited. Registered in England and Wales. Company number 3522604. Registered address: Summit ONE, Summit Avenue, Farnborough, Hampshire, GU14 0FB. Rolls-Royce Motor Cars Ltd is authorised and regulated by the Financial Conduct Authority in relation to its credit broking activities in the UK

टॉर्स्टन मुलर-ओट्वोस,चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर, रोल्स-रॉयस मोटर कार्स

परिचय

2009 में, रोल्स-रॉयस ने अपने पोर्टफोलियो में अपने फ्लैगशिप फैंटम से कुछ पूरी तरह अलग पेश करने वाले एक नए जुड़ाव का ऐलान किया था। यह प्रॉडक्ट पुरुषों और महिलाओं के एक नए समूह के साथ अनुगूंजित हुआ, जिन्होंने डिजाइन, इंजीनियरिंग और शिल्प कौशल में परिपूर्णता के ब्रांड के अथक प्रयास पर रिस्पॉन्स दिया था, लेकिन रोल्स-रॉयस की ज्यादा मॉडेस्ट और मिनीमलिस्ट अभिव्यक्ति चाहते थे। पहले गुडवुड घोस्ट की तामील, और अपने क्लाइंट्स की मांगों को पूरा करने के प्रति इसका तीखा फोकस एक निरंतर सफलता रही, और अपने दस साल के जीवनचक्र के दौरान यह रूपांतरकारी मोटर कार कंपनी के 116 वर्षीय इतिहास में सबसे सफल प्रॉडक्ट बन गई। ब्रांड को प्रॉडक्शन बढ़ाने, अपनी क्षमताओं में निवेश करने में सक्षम बनाने और आज रोल्स रॉयस जिन सच्चे अर्थों में वैश्विक ब्रांड है उसे इस रूप में स्थापित करने में घोस्ट की जबरदस्त कामयाबी बेहद अहम रही।

इसके अलावा, मार्केट में घोस्ट की दशक भर लंबी मौजूदगी ने ब्रांड के लक्जरी इंटेलिजेंस स्पेशलिस्ट्स को इस बात की अहम जानकारी जुटाने में सक्षम बनाया कि घोस्ट के क्लाइंट्स अपनी मोटर कार का उपयोग कैसे करते हैं, वे इसे कैसे कमीशन करते हैं और वे रोल्स-रॉयस को कैसे महसूस करते हैं। इस प्रॉडक्ट को अपनी निरंतर जारी प्रगति का जश्न मनाने के लिए चुनने वाले ये बेहद कामयाब और कई तरह के आंत्रप्रेन्योर और फाउंडर्स विश्व नागरिक थे - उन्होंने विदेश में शिक्षा प्राप्त की थी, उन्होंने बड़े पैमाने पर सफर किया और कई संस्कृतियों में रोल्स-रॉयस का अनुभव लिया।

घोस्ट की ऊर्जावान, डायनैमिक शख्सियत की बदौलत इन क्लाइंट्स को एहसास हुआ कि रोल्स रॉयस ब्रांड एक शॉफर-चालित अनुभव से ज्यादा की पेशकश कर सकता है। वास्तव में, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप के क्षेत्रों में, क्लाइंट अपने घोस्ट को इसे पेश किए जाने के शुरुआती दौर से ही खुद चला रहे थे। इस बीच, एशिया में क्लाइंट्स बोर्ड पर कनेक्टेड टेक्नोलॉजी में बहुत व्यस्त रहे, चाहे वह कारोबार के लिए हो या फिर खुशी।

सभी बाजारों में, जब क्लाइंट्स ने अपने घोस्ट को कमीशन किया, तो उन्होंने मार्क के प्रतिनिधियों से ड्राइविंग अनुभव के बारे में पूछा, भले ही उन्होंने एक एक्सटेंडेड व्हीलबेस चुना हो। सप्ताहांत के दौरान, यह बिजनेस टूल एक विचारशील और समझदारी भरे जश्न में बदल जाता - क्लाइंट्स ड्राइवर की सीट पर पहुंच जाते और अपने दोस्तों और परिवार के साथ एक रेस्तरां या सेकंड होम के सफर पर निकल पड़ते।

उन्होंने कैरेक्टर के विस्तार का आनंद लिया, और यह कम फॉर्मल कलरवेज और ड्राइवर्स आईलाइन में ज्यादा

The Drive, Westhampnett, Chichester, PO18 0SH, UK +44 (0)1243 384000 enquiries@rolls-roycemotorcars.com www.rolls-roycemotorcars.com

Rolls-Royce Motor Cars Limited. Registered in England and Wales. Company number 3522604. Registered address: Summit ONE, Summit Avenue, Farnborough, Hampshire, GU14 0FB. Rolls-Royce Motor Cars Ltd is authorised and regulated by the Financial Conduct Authority in relation to its credit broking activities in the UK

पर्सनलाइजेशन में जाहिर हुआ। ये गहरी सीखें थीं।

इस बीच, गुडवुड में ब्रांड के स्वामित्व अधिकार वाले एल्यूमीनियम स्पेसफ्रेम आर्किटेक्चर के साथ महत्वपूर्ण प्रगतियां हो रही थीं। पहले फैंटम, फिर कलिनन में इस्तेमाल किया गया यह स्पेसफ्रेम अद्वितीय रूप से रोल्स-रॉयस के लिए ही है और ब्रांड के डिजाइनरों और इंजीनियरों को हाई-वॉल्यूम व्हीकल्स से जुड़े प्लेटफॉर्मों की बाध्यताओं से मुक्त, एक प्रामाणिक रूप से सुपर-लक्जरी प्रॉडक्ट विकसित करने में सक्षम बनाता है। जैसा कि घोस्ट क्लाइंट को अपनी मोटर कार से और भी ज्यादा की दरकार होती है, रोल्स रॉयस ने अपने आर्किटेक्चर का उपयोग कर जवाब दिया और घोस्ट में ऑल-व्हील ड्राइव तथा ऑल-व्हील स्टीयरिंग जैसी तकनीक शामिल करते हुए एक बिल्कुल नई, उद्देश्यपूर्ण शख्सियत सामने ले आया।

इसी के साथ-साथ, डिजाइन टीम एक उभरते मूवमेंट पर नज़र रख रही थी जो घोस्ट के सौंदर्य और सुरुचि से जुड़े ट्रीटमेंट को परिभाषित करने के लिए आया। इसने जिस तरह से कामयाबी व्यक्त की जाती है उसे लेकर घोस्ट के क्लाइंट्स के बीच बदलते नजरिए को बयां किया। इसे आंतरिक तौर पर 'पोस्ट ऑपुलेंस' कहा गया और यह रिडक्शन और सब्सटेंस से वर्णित हुआ। इसे लागू करने के लिए, असाधारण सामग्रियों का चयन और जश्न होना ही चाहिए। डिजाइन लिमिटेड, इंटेलीजेंट और विनम्र होनी चाहिए। यह फलसफा 'प्रीमियम मीडियोक्रेसी' नामक पारिभाषिक शब्द का विरोधाभासी है, जिसे फैशन विशेषज्ञों द्वारा गढ़ा गया है। यह उन प्रॉडक्ट्स की बात करता है जो बड़ी ब्रांडिंग जैसे सतही ट्रीटमेंट्स का इस्तेमाल करते हैं या, मोटर कारों के संदर्भ में बिजी स्टिचिंग और अन्य डिवाइसेस का, जो सब्सटेंस रहित उत्पादों को प्रीमियम खोल में लपेटकर लक्जरी का भ्रम पैदा करते हैं।

मिलाजुला नतीजा है न्यू घोस्ट। यह हूबहू अपने क्लाइंट्स के अनुरूप तैयार की गई मोटर कार है जो अपनी सादगी में परिपूर्ण नजर आती है जिसे उल्लेखनीय सब्सटेंस का आधार मिला है, जो कम परंतु बेहतर है।

इंजीनियरिंग

स्वामित्व अधिकार वाला एल्यूमीनियम स्पेसफ्रेम आर्किटेक्चर

ब्रांड के डिजाइनरों, इंजीनियरों और शिल्पकारों ने न्यू घोस्ट के लिए एक बेहद विशिष्ट शख्सियत निर्मित करने की आजादी चाही थी। ये पुरुष और महिलाएं कमतर, हाई-वॉल्यूम वाहनों का आधार बनने वाले प्लेटफार्मों की बाध्यताएं न होने की दशा में ही एक प्रामाणिक रूप से सुपर-लक्जरी प्रॉडक्ट तैयार करने में सक्षम थे। इस वजह से, रोल्स-रॉयस के स्वामित्व अधिकार वाले एल्यूमीनियम स्पेसफ्रेम आर्किटेक्चर का इस्तेमाल हुआ।

The Drive, Westhampnett, Chichester, PO18 0SH, UK +44 (0)1243 384000 enquiries@rolls-roycemotorcars.com www.rolls-roycemotorcars.com

Rolls-Royce Motor Cars Limited. Registered in England and Wales. Company number 3522604. Registered address: Summit ONE, Summit Avenue, Farnborough, Hampshire, GU14 0FB. Rolls-Royce Motor Cars Ltd is authorised and regulated by the Financial Conduct Authority in relation to its credit broking activities in the UK

एक्सक्लूसिव रूप से रोल्स-रॉयस के लिए आरक्षित यह आर्किटेक्चर इसके फ्लैगशिप, फैंटम और इसके रूपांतरकारी एसयूवी, कलिनन का आधार बन चुका है। स्पेसफ्रेम के लचीलेपन और आकार या पैमाने में बदलाव की क्षमता ने मार्क को न्यू घोस्ट के अद्वितीय सौंदर्य और मैकेनिकल दरकारों की पूर्ति के लिए आजाद कर दिया, और ऐसा करते हुए रोल्स-रॉयस उत्पाद पोर्टफोलियो के भीतर घोस्ट के लिए एक ध्वनि के लिहाज से कहीं बेहतर, अत्यधिक सुदृढ़ और डायनैमिक प्रस्तुति तैयार हुई।

इसके सबसे पेर्ड बैक रूप में, रोल्स रॉयस का आर्किटेक्चर चार तयशुदा बिंदुओं पर आधारित है, जो मोटर कार के प्रत्येक कोने में स्थित हैं। गतिशील एल्यूमीनियम बल्कहेड, फ्लोर, क्रॉसमेंबर्स और सिल पैनल्स विशेष रूप से इस तरह व्यवस्थित किए गए हैं, ताकि न्यू घोस्ट एक ऐसी मोटर कार के रूप में क्लाइंट्स की अपेक्षाओं को पूरा कर सके जो चलाने के समान ही चालित होने में सुखद है। दो कास्ट सस्पेंशन माउंटिंग असेंबल्स न्यू घोस्ट के एकदम फ्रंट में बढ़ा दिए गए हैं, जिससे इसका 6.75-लीटर वी12 इंजन फ्रंट एक्सल के पीछे लगता है, ताकि इष्टतम 50/50 का वेट डिस्ट्रीब्यूशन मिल सके।

न्यू घोस्ट के इंटीरियर सुइट में घुसपैठ किए बिना इसे समायोजित करने के लिए, पहले गुडवुड घोस्ट की तुलना में इसकी कुल लंबाई 89 मिमी बढ़कर 5546 मिमी हो गई है, और इसकी कुल चौड़ाई 30 मिमी बढ़कर 1978 मिमी हो गई है। डबल-स्किन्ड बल्कहेड और फ्लोर स्ट्रक्चर पैकेजिंग में भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। ये एक ऑल-व्हील ड्राइवट्रेन, ऑल-व्हील स्टीयरिंग और पूरी तरह से रिडिजाइन किए गए प्लेनर सस्पेंशन सिस्टम को शामिल करने के लिए किए गए थे, जो ब्रांड की पहचान, मैजिक कारपेट राइड को और बेहतर बनाते हैं। यह मोटर कार के गुरुत्वाकर्षण के निम्न केंद्र से समझौता किए बिना हासिल किया गया, जो कॉर्नरिंग डायनैमिक्स में सहायक है।

ब्रांड की एल्यूमीनियम संबंधी विशेषज्ञता का और अधिक लाभ उठाते हुए, न्यू घोस्ट का मेटल सुपरस्ट्रक्चर 100% मटेरियल से बना है। कार की आउटर बॉडी को एक साफ, विस्तारी पीस के रूप में बनाया गया है, जो ए-पिलर से रूफ और बैकवार्ड्स के ऊपर से होते हुए कार के रियर तक सहज रूप से फ्लो होता है और जाहिर तौर पर सिंगल-पीस कोचबिल्ट सिल्वर डॉन और सिल्वर क्लाउड मॉडल्स की याद दिलाता है। शट लाइंस की यह पूरी तरह से गैर मौजूदगी क्लाइंट्स को भद्दी बॉडी सिलाई की बाधा के बगैर कार के फ्रंट से रियर तक नजरें दौड़ाने की गुंजाइश देती है। इसे हासिल करने के लिए, चार कारीगर हाथों ने बॉडी को एक ही समय पर वेल्ड किया है, ताकि पूरी तरह से निरंतर सीम सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा, 100% एल्यूमीनियम, लेजर-वेल्डेड डोर्स का उपयोग किया गया है। यह न सिर्फ वेट बेनिफिट्स और उल्लेखनीय 40,000 एनएम / डीईजी की मजबूती देता है, बल्कि मटेरियल में स्टील के मुकाबले कम ध्वनिक प्रतिबाधा है, जिससे केबिन का परिवेश बेहतर होता है।

The Drive, Westhampnett, Chichester, PO18 0SH, UK +44 (0)1243 384000 enquiries@rolls-roycemotorcars.com www.rolls-roycemotorcars.com

Rolls-Royce Motor Cars Limited. Registered in England and Wales. Company number 3522604. Registered address: Summit ONE, Summit Avenue, Farnborough, Hampshire, GU14 0FB. Rolls-Royce Motor Cars Ltd is authorised and regulated by the Financial Conduct Authority in relation to its credit broking activities in the UK

6.75-लीटर ट्विन-टर्बोचार्ज्ड वी12

लगभग-तत्काल टॉर्क और लगभग-शांत रनिंग के लिए मांग करने वाले क्लाइंट फीडबैक के चलते रोल्स-रॉयस ने 6.75-लीटर ट्विन-टर्बोचार्ज्ड वी12 पेट्रोल इंजन को और भी विकसित किया। इस डायनैमिक मोटर कार का प्रचुर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए एक बीस्पोक घोस्ट इंजन मैप बनाया गया, जो ऑल-व्हील स्टीयर, ऑल-व्हील ड्राइवट्रेन के लिए 563बीएचपी / 420केडब्ल्यू और 850एनएम / 627 पाउंड फीट का टॉर्क देता है। क्लाइंट्स की अपेक्षाओं के अनुरूप, अधिकतम टॉर्क बस 1600 आरपीएम से उपलब्ध है - टिक-ओवर के ऊपर केवल 600 आरपीएम। इसके पहले से ही उल्लेखनीय आवाज संबंधी गुणों को और अधिक परिष्कृत करने के लिए, एयर इंटेक सिस्टम ने बड़े पोर्टिंग को शामिल किया है, ताकि इंटीरियर सुइट में इंजन की मौजूदगी घटाई जा सके।

प्लेनर सस्पेंशन सिस्टम

ब्रांड की पहचान, मैजिक कारपेट राइड और भी विकसित हो गई है। न्यू घोस्ट के लिए इंजीनियरिंग विशेषज्ञों ने मोटर कार के सस्पेंशन को दोबारा डिजाइन किया, जिसे प्लेनर सस्पेंशन सिस्टम कहा जाता है। पूरी तरह से समतल और समस्तर एक ज्यामेट्रिक प्लेन के नाम पर रखा गया यह सिस्टम जमीन पर हवाई उड़ान का एहसास पैदा करने के लिए दस बरसों के परीक्षण और विकास का नतीजा है- एक ऐसा एहसास जो इसके पहले किसी मोटर कार ने हासिल नहीं किया है।

भौतिक इंजीनियरिंग विकास के साथ-साथ परिष्कृत स्कैनिंग और सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी के जरिए निर्मित इस सिस्टम में फ्रंट सस्पेंशन असेंबली के ऊपर दुनिया की पहली अपर विशबोन डैम्पर यूनिट शामिल है, जिससे राइड और भी ज्यादा स्थिर व सहज बनती है। यह फ्लैगबियरर सिस्टम के साथ काम करता है, जो आगे की सड़क को समझने के लिए कैमरों का उपयोग करता है और सड़क की सतह में किसी भी बदलाव के लिए सस्पेंशन सिस्टम को तैयार करता है। साथ ही ब्रांड का सैटेलाइट एडेड ट्रांसमिशन भी है। इन तकनीकों को एक बीस्पोक प्लेनर सॉफ्टवेयर सिस्टम के जरिए एक मानकर प्रबंधित किया जाता है। न्यू घोस्ट अब सबसे अधिक तकाजों वाली सड़क सतहों के बारे में पहले ही विचार कर सकता है और उसके अनुरूप प्रतिक्रिया कर सकता है।

अकेला अपर विशबोन डैम्पर ही पांच वर्षों के रोड और बेंच परीक्षणों का परिणाम था। एक्सक्लूसिव रूप से रोल्स-रॉयस के लिए आरक्षित यह तकनीक मार्क के डबल-विशबोन मैजिक कारपेट राइड सस्पेंशन सिस्टम को और विकसित करती है। मार्क के संस्थापक, सर हेनरी रॉयस की नीति थी, "जो सबसे अच्छा मौजूद है

The Drive, Westhampnett, Chichester, PO18 0SH, UK +44 (0)1243 384000 enquiries@rolls-roycemotorcars.com www.rolls-roycemotorcars.com

Rolls-Royce Motor Cars Limited. Registered in England and Wales. Company number 3522604. Registered address: Summit ONE, Summit Avenue, Farnborough, Hampshire, GU14 0FB. Rolls-Royce Motor Cars Ltd is authorised and regulated by the Financial Conduct Authority in relation to its credit broking activities in the UK

उसे लो और बेहतर बना दो," और इस भावना के तहत चेसिस विशेषज्ञों ने निरंतर परिवर्तनशील, इलेक्ट्रॉनिक रूप से नियंत्रित शॉक ऑब्जर्वर और सेल्फ-लेवलिंग हाई-वॉल्यूम एयर स्ट्रट असेंबल्स को और बेहतर बनाने के लिए अपर विशबोन डैम्पर विकसित किया। प्रॉडक्शन मोटर कार में इसे पहले कभी नहीं लगाया गया था।

फाइव-लिंक रियर एक्सल को उसी सेल्फ-लेवलिंग हाई-वॉल्यूम एयर सस्पेंशन टेक्नोलॉजी के साथ-साथ रियर-व्हील स्टीयरिंग से फायदा मिलता है। दोनों एक्सल का प्रबंधन मार्क के प्लेनर सॉफ्टवेयर के जरिए होता है। यह न्यू घोस्ट की अन्य चेसिस तकनीकों को भी नियंत्रित करता है, जिनमें ऑल-व्हील ड्राइव, ऑल-व्हील स्टीयरिंग, स्टेबिलिटी कंट्रोल और सेल्फ-ड्राइंग ब्रेकिंग सिस्टम शामिल हैं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मोटर कार सतहों या ग्रिप लेवल्स में परिवर्तनों को लेकर एकरूप में प्रतिक्रिया करे और साथ ही जोशीली, डायनैमिक शख्सियत भी कायम रखे।

प्लेनर सॉफ्टवेयर उन सूचनाओं का भी प्रबंधन करता है जिनकी न्यू घोस्ट को आगे की सड़क में प्रवेश को सक्रिय रूप से अनुकूलित करने के लिए जरूरत होती है। इन तकनीकों में सबसे पहले है ब्रांड का फ्लैगबियरर सिस्टम। आरंभिक मोटर कारों के आगे लाल झंडा लेकर चलने के लिए कानूनन जिन लोगों की आवश्यकता होती थी, यह उनकी याद दिलाता है। इस तकनीक में विंडस्क्रीन में एकीकृत स्टीरियो कैमरा सिस्टम शामिल है, जो आगे की सड़क को देखने और प्रतिक्रियाशील रूप के बजाय खुद सक्रिय रूप से 100 किमी / घंटा तक सस्पेंशन को समायोजित करने में मददगार है। दूसरा है रोल्स-रॉयस का सैटेलाइट एडेड ट्रांसमिशन सिस्टम, जो आने वाले मोड़ों के लिए पहले से ही इष्टतम गियर का चयन करने के लिए जीपीएस डेटा लेता है। नतीजतन किसी मोटर कार की आरामदायक सवारी और नियंत्रण का अभूतपूर्व स्तर मिलता है।

एफर्ट्लेस डोर्स (बेहद सुविधाजनक दरवाजे)

रोल्स रॉयस के क्लाइंट्स ने पहले गुडवुड फैंटम से ही सेल्फ-क्लोजिंग डोर्स का आनंद लिया है। डैशबोर्ड पर एक बटन और रियर डोर्स वाली मोटर कारों के लिए सी-पिलर पर एक बटन द्वारा संचालित, यह इनोवेशन ग्राहकों के बीच खूब मशहूर रहा है। न्यू घोस्ट में इस हॉलमार्क तकनीक को और विकसित करने के लिए ब्रांड के इंजीनियर चुने गए और पहली बार, क्लाइंट्स अब पावर असिस्टेंस के जरिए भी दरवाजे खोल सकते हैं।

क्लाइंट्स पहले इंटीरियर हैंडल को खींचकर दरवाजा खोलते हैं, फिर संभावित खतरों की पड़ताल करते हुए हैंडल को उसकी रेस्टिंग पोजिशन में लौटने देते हैं, और फिर ओपनिंग पर फुल पावर असिस्टेंस के लिए इसे खींचते हैं और थामे रहते हैं। एक बार जब ग्राहक के निकलने के लिए पर्याप्त रूप से दरवाजा खुल जाता है, तो वे बस हैंडल को खींचना बंद कर देते हैं, जो एक डोर ब्रेक को काम पर लगाता है।

The Drive, Westhampnett, Chichester, PO18 0SH, UK +44 (0)1243 384000 enquiries@rolls-roycemotorcars.com www.rolls-roycemotorcars.com

Rolls-Royce Motor Cars Limited. Registered in England and Wales. Company number 3522604. Registered address: Summit ONE, Summit Avenue, Farnborough, Hampshire, GU14 0FB. Rolls-Royce Motor Cars Ltd is authorised and regulated by the Financial Conduct Authority in relation to its credit broking activities in the UK

नीचे उतर जाने के बाद क्लाइंट एक्सटीरियर डोर हैंडल पर लगे एक बटन को दबाकर दरवाजे को पूरी तरह से ऑटोमैटिक रूप से बंद कर सकते हैं। यदि वे मैन्युअल रूप से दरवाजा बंद करना पसंद करते हैं, तो यह काम पावर असिस्टेड होता है। ऑन-बोर्ड लान्जिटूडनल और ट्रांसवर्स सेंसर्स के साथ ही हर डोर पर फिट किए गए जी-फोर्स सेंसर्स संचालन की समान रफ्तार को मुमकिन बनाते हैं, फिर चाहे पहाड़ी हो या ड्राइववे ऐंगल्स।

माइक्रो एन्वायरनमेंट प्यूरीफिकेशन सिस्टम

न्यू घोस्ट एक माइक्रो एनवायरनमेंट प्यूरीफिकेशन सिस्टम (एमईपीएस) से लाभान्वित होता है। हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर सुधारों के समूचे समूह को शामिल करने के लिए मौजूदा एयर फिल्टरेशन तकनीक को और विकसित किया गया। अत्यधिक संवेदनशील इम्प्यूरिटी डिटेक्शन सेंसर्स परिवेशी हवा की गुणवत्ता का पता लगाने और हवा में प्रदूषकों का अस्वीकार्य स्तर मौजूद होने पर फ्रेश एयर इंटेक्स को स्वचालित रूप रिसर्कुलेशन मोड में बदल देने के लिए लाया गया है। यह पूरी केबिन हवा को एक नैनोफ्लीस फिल्टर के माध्यम से होकर गुजारता है, जो दो मिनट से भी कम समय में रोल्स रॉयस के माइक्रो एन्वायरनमेंट से लगभग सभी अति सूक्ष्म कणों को हटाने में सक्षम है।

तकनीकी रूप से अब तक की सबसे उन्नत रोल्स-रॉयस

न्यू घोस्ट अपनी सादगी में परिपूर्ण है, लेकिन इस प्योर और डिटॉक्सिफाइंग वातावरण का निर्माण करना ब्रांड के इतिहास की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक था। वास्तव में, न्यू घोस्ट रोल्स रॉयस द्वारा बनाई गई अब तक की तकनीकी रूप से सबसे उन्नत मोटर कार है। अन्य उपकरणों में शामिल हैं: 600 मीटर से ज्यादा की रोशन रेंज के साथ एलईडी और लेज़र हेडलाइट्स, विज़न असिस्ट जिसमें शामिल हैं दिन और रात के समय की वाइल्डलाइफ और पैडेस्ट्रियन वार्निंग; अलर्टनेस असिस्टेंट; पैनोरामिक व्यू, चौतरफा विजीबिलिटी और हेलीकॉप्टर व्यू के साथ एक फोर-कैमरा सिस्टम; एक्टिव क्रूज कंट्रोल; टक्कर की वार्निंग; क्रॉस-ट्रैफिक वार्निंग; लेन डिपार्चर और लेन चेंज वार्निंग; एक उद्योग-अग्रणी 7x3 हाई-रिजॉल्यूशन हेड-अप डिस्प्ले; वाईफाई हॉटस्पॉट; सेल्फ पार्क; और बिल्कुल ताजातरीन नैविगेशन और एंटरटेनमेंट सिस्टम्स।

ध्वनिकी (अकॉस्टिक्स)

शांति का फॉर्मूला

घोस्ट क्लाइंट्स जटिल कारोबारी संसारों में काम करते हैं। जिस पल से वे अपने रोल्स-रॉयस के इंटीरियर

ROLLS-ROYCE
MOTOR CARS

The Drive, Westhampnett, Chichester, PO18 0SH, UK +44 (0)1243 384000 enquiries@rolls-roycemotorcars.com www.rolls-roycemotorcars.com
Rolls-Royce Motor Cars Limited. Registered in England and Wales. Company number 3522604. Registered address: Summit ONE, Summit Avenue, Farnborough, Hampshire, GU14 0FB. Rolls-Royce Motor Cars Ltd is authorised and regulated by the Financial Conduct Authority in relation to its credit broking activities in the UK

सुइट में कदम रखते हैं, वे अनिवार्य रूप से सुख और भलाई के एहसास से सराबोर हो जाते हैं। देखने में, यह रिडक्शन को लेकर जुनूनी तरीके और मटेरियल क्वालिटी व सब्सटेंस के लिए अटल समर्पण का नतीजा है। अनुभव के लिहाज से, हालांकि, यह पीयरलेस चेसिस और ड्राइवट्रेन इंजीनियरिंग के साथ ही इइंटीरियर सुइट के भीतर शांत ध्वनिक माहौल बनाने के लिए एक कठोर तरीके के जरिए हासिल किया गया है। रोल्स रॉयस के ध्वनि संबंधी इंजीनियर शांति के मामले में विशेषज्ञता रखते हैं। न्यू घोस्ट के लिए, यह निर्णय लिया गया था कि इस विशेषज्ञता को औपचारिक स्वरूप दिया जाए और ब्रांड के विशेषज्ञ शांति के लिए एक फॉर्मूला बनाएं जो भविष्य के उत्पादों को जताने में मदद कर सके।

इस फॉर्मूले का पहला तत्व है रोल्स-रॉयस स्पेसफ्रेम आर्किटेक्चर। स्टील के मुकाबले इसके एल्यूमीनियम निर्माण में आवाज को रोकने की कहीं ज्यादा क्षमता है। इसके अलावा, यह सपाट और गूंजने वाली सतहों के बजाय जटिल रूपों से निर्मित होता है। बल्कहेड और फ्लोर सेक्शन दोनों डबल-स्किन्ड भी हैं, जो पैसेंजर सुइट में घुसपैठ करने वाले सड़क के शोर-शराबे को कम करने के लिए कम्पोजिट डैंपिंग फेल्ट्स की तह बनाते हैं। आर्किटेक्चर का अधिकांश हिस्सा अकॉस्टिक डैंपिंग मटेरियल्स की स्थापना के लिए विशिष्ट एक्सेस पॉइंट्स के साथ भी बनाया गया है - न्यू घोस्ट कुल मिलाकर 100 किलो से ज्यादा मटेरियल का उपयोग करता है, जो दरवाजों में, रूफ में, डबल-ग्लेज्ड विंडोज के बीच, टायरों के अंदर और लगभग पूरे आर्किटेक्चर में लगाया गया है।

The Drive, Westhampnett, Chichester, PO18 0SH, UK +44 (0)1243 384000 enquiries@rolls-roycemotorcars.com www.rolls-roycemotorcars.com

Rolls-Royce Motor Cars Limited. Registered in England and Wales. Company number 3522604. Registered address: Summit ONE, Summit Avenue, Farnborough, Hampshire, GU14 0FB. Rolls-Royce Motor Cars Ltd is authorised and regulated by the Financial Conduct Authority in relation to its credit broking activities in the UK

बेहद इंसुलेटेड साउंड स्टेज तैयार हो जाने के बाद, लगभग महसूस न की जा सकने लायक ध्वनि तरंगें उत्पन्न करने वाले घटकों का पता लगाकर उनमें संशोधन किया जाता है। अकॉस्टिक इंजीनियरों के बीच इन्हें 'हिडन इनपुट' के रूप में जाना जाता है। न्यू घोस्ट के विकास के तहत, यह जानने के लिए प्रत्येक घटक का मूल्यांकन किया गया कि क्या यह ऐसा शोर पैदा करता है जिसे इंजीनियरों द्वारा अस्वीकार्य के रूप में परिभाषित किया गया है और नतीजे में उसे पूरी तरह से रिइंजीनियर्ड किया गया। मिसाल के लिए, एयर कंडीशनिंग डक्टिंग के अंदर एक अस्वीकार्य स्तर पर हवा का शोर बन रहा था, इसलिए फाइनल कंपोनेंट के प्रॉडक्शन को जाहिर करने के लिए इसे हटाकर संवारा गया। यहां तक कि न्यू घोस्ट का लगभग-साइलेंट साउंडस्टेज बनाने के लिए ड्राइवट्रेन हार्डवेयर को भी समायोजित किया गया - प्रोप शाफ्ट का डायमीटर समायोजित किया गया और ध्वनिकी में सुधार के लिए इसकी सुदृढ़ता में बढ़ोतरी की गई।

फॉर्मूले का अंतिम तत्व कार को एक समान ताल में रखना है। ब्रांड के ध्वनिक विशेषज्ञों ने पूरी तरह से साइलेंट इंटीरियर सुइट के साथ प्रयोग किया, लेकिन अनुभव को भटकता हुआ पाया। इसे दूर करने के लिए, उन्होंने एक 'व्हिस्पर' तैयार करने का निर्णय लिया, यानी एकल, महीन सुर के रूप में महसूस होने वाली एक सॉफ्ट अंडरटोन। इसे प्राप्त करने के लिए, प्रत्येक घटक को ट्यून करना जरूरी था ताकि यह एक कॉमन रेज़नेंट फ्रीक्वेंसी साझा करे। उदाहरण के लिए, प्रारंभिक प्रोटोटाइप में सीट फ्रेम्स, बॉडी से एक अलग आवृत्ति पर प्रतिध्वनित हो रहे थे, इसलिए शोर को एक एकल सुर में एक साथ लाने के लिए डैंपिंग यूनिट्स को विकसित किया गया। इसके अतिरिक्त, बड़े, 507-लीटर की बूट कैविटी ने एक कम आवृत्ति पैदा की, जिसे मोटरवे की रफ्तारों पर महसूस किया जा सकता था - रियर पार्सल शेल्फ के नीचे पोर्ट्स बनाए गए, जिनसे इन विघटनकारी ध्वनि तरंगों का निकास संभव हुआ और इस तरह न्यू घोस्ट की समग्र ध्वनिकी बेहतर ढंग से एक ताल में आ सकी।

बीस्पोक ऑडियो

क्लाइंट्स नीरवता का आनंद ले सकें, इसके लिए एक शांत वातावरण निर्मित करने के साथ ही रोल्स-रॉयस की ध्वनि संबंधी परिपूर्णता की तलाश ने ब्रांड के बीस्पोक ऑडियो इंजीनियरों के लिए एक बेजोड़ ध्वनि मंच तैयार किया। इन पुरुषों और महिलाओं को आर्किटेक्चर डिजाइन चरण में जोड़ा गया था, ताकि वे न्यू घोस्ट के लिए एक साउंड सिस्टम बनाएं और मोटर कार की बनावट में ही ऑडियो क्वालिटी डिजाइन करें।
न्यू घोस्ट की बॉडी के सिल सेक्शन में एक रेजोनेन्स चैंबर शामिल है; बीस्पोक ऑडियो स्पीकर कंपोनेंट के फ्रीक्वेंसी रिस्पॉन्स ने चैंबर का आकार और आकृति निर्धारित किया है। संक्षेप में कहें, तो यह मोटर कार को एक सबवूफर में बदल देता है।

The Drive, Westhampnett, Chichester, PO18 0SH, UK +44 (0)1243 384000 enquiries@rolls-roycemotorcars.com www.rolls-roycemotorcars.com

Rolls-Royce Motor Cars Limited. Registered in England and Wales. Company number 3522604. Registered address: Summit ONE, Summit Avenue, Farnborough, Hampshire, GU14 0FB. Rolls-Royce Motor Cars Ltd is authorised and regulated by the Financial Conduct Authority in relation to its credit broking activities in the UK

एक दमदार एम्प्लीफायर 18 चैनल्स (प्रत्येक स्पीकर के लिए एक) को नियंत्रित करता है और 1300 वॉट आउटपुट देता है। अत्याधुनिक ऑप्टिमाइजेशन टेक्नोलॉजी और उच्च-परिशुद्धता वाले मैग्नीशियम-सिरेमिक कंपाउंड स्पीकर कोन बेहतरीन फ्रीक्वेंसी रिस्पॉन्स के जरिए आवाज में असीम परिवर्तन को मुमकिन बनाते हैं। न्यू घोस्ट के लिए, ज्यादा पारंपरिक कोन-टाइप स्पीकर्स के साथ-साथ एक्साइटर स्पीकर्स का उपयोग किया गया है। ये यूनिट्स किसी चीज की सतह से संबद्ध होती हैं जो इसमें एक्साइटर के चलायमान द्रव्यमान का कंपन सीधे तौर पर पहुंचाती है - न्यू घोस्ट के मामले में स्टारलाइट हेडलाइनर, मोटर कार की सीलिंग को एक बड़े स्पीकर में बदलने में।

केबिन में दो एक्टिव माइक्रोफोन भी एक एडेप्टिव फंक्शन को संभव बनाते हैं, जो तयशुदा फ्रीक्वेंसी रेंज की लाउडनेस की रोकथाम के लिए एम्प्लीफायर को ट्रिगर करने से पहले फ्रीक्वेंसीज की अनुपस्थिति या अधिकता का पता लगाता है। बीस्पोक ऑडियो सिस्टम उच्चतम गुणवत्ता वाले अनकंप्रेस्ड म्यूजिक का अधिकतम सदुपयोग करते हुए सुनने का एक असाधारण अनुभव प्रदान करता है।

डिजाइन

एक्सटीरियर

पहले गुडवुड रोल्स-रॉयस के लॉन्च के समय से ही प्रत्येक मोटर कार के लिए एक अलहदा सौंदर्य का संसार बनाने के लिए बहुत एहतियात बरती गई है। ये अद्वितीय डोमेन्स डिजाइन मूल्यों के आधार पर बनाए गए हैं, जिनके लिए रोल्स-रॉयस क्लाइंट की विभिन्न परतें ने रिस्पॉन्स किया है। न्यू घोस्ट लक्जरी की सतत विकसित सराहना को प्रतिबिंबित करता है, जो मिनीमलिज्म और प्योरिटी से परिभाषित है, लेकिन जिसके आधार में महान सब्सटेंस है। न्यू घोस्ट के डिजाइन विकास के प्री-स्केच आइडिएशन चरण में, इस ट्रीटमेंट को 'पोस्ट ओपुलेंस 'नाम दिया गया था - यह एक मूवमेंट है, जो आर्किटेक्चर, फैशन, ज्वेलरी और बोट डिजाइन में पहले ही जड़ें जमा चुके बड़बोलेपन के बजाय मटेरियल्स की प्रामाणिकता से परिभाषित होता है।

न्यू घोस्ट के लिए इस मिनीमलिस्ट सौंदर्य के लक्ष्य की तलाश पूरे समय डिजाइन टीम का परम उद्देश्य रही। अभीष्ट ट्रीटमेंट निष्प्राण नहीं था, बल्कि अपनी प्योरिटी और एक रोल्स रॉयस से सुनिश्चित संबंध को लेकर आत्मविश्वास से भरपूर था। यह कार की पहली छाप के साथ शुरू होता है। रोल्स-रॉयस के स्वामित्व अधिकार वाले आर्किटेक्चर ने डिजाइन टीम को 30 मिमी तक चौड़ाई बढ़ाने की गुंजाइश दी, जो बेजोड़ मौजूदगी को बड़े बारीक ढंग से जाहिर करती है। यह तीखी बो लाइन्स द्वारा फ्रेम्ड है जो एक एंगुलर लाइट सिग्नेचर के साथ कटते हैं और मुखर के साथ-साथ खूबसूरत फ्रंट एंड का निर्माण करते हैं।

The Drive, Westhampnett, Chichester, PO18 0SH, UK +44 (0)1243 384000 enquiries@rolls-roycemotorcars.com www.rolls-roycemotorcars.com

Rolls-Royce Motor Cars Limited. Registered in England and Wales. Company number 3522604. Registered address: Summit ONE, Summit Avenue, Farnborough, Hampshire, GU14 0FB. Rolls-Royce Motor Cars Ltd is authorised and regulated by the Financial Conduct Authority in relation to its credit broking activities in the UK

इसके अलावा, न्यू घोस्ट को इसका खुद का ईथरीय फ्रंट-एंड किरदार दिया गया है। यह स्पष्ट डिजाइन के माध्यम से नहीं, बल्कि रोशनी के साथ साकार किया गया। रेडिएटर ग्रिल के शीर्ष के नीचे 20 एलईडी वेन्स को हौले से रोशन करते हैं। विकास के चरण के दौरान, शुरुआती प्रोटोटाइप कुछ ज्यादा ही असर छोड़ने वाले थे और पॉलिश्ड अपराइट्स से प्रतिबिंबित रोशनी ज्यादा विचित्र दिख रही थी। पोस्ट ऑपुलेंट सौंदर्य के भाव के तहत, मार्क की इंजीनियरिंग टीम ने मेटल ग्रिल बार्स के पीछे ब्रश किया, जिससे वे कम परावर्तक बने और असर कम हुआ तथा जितनी चमक चाहिए थी, ठीक उतनी ही मिली।

The Drive, Westhampnett, Chichester, PO18 0SH, UK +44 (0)1243 384000 enquiries@rolls-roycemotorcars.com www.rolls-roycemotorcars.com

Rolls-Royce Motor Cars Limited. Registered in England and Wales. Company number 3522604. Registered address: Summit ONE, Summit Avenue, Farnborough, Hampshire, GU14 0FB. Rolls-Royce Motor Cars Ltd is authorised and regulated by the Financial Conduct Authority in relation to its credit broking activities in the UK

न्यू घोस्ट रिडक्शन को लेकर डिजाइन टीम के जुनून की एक मिसाल है। हैंड-वेल्डेड एल्यूमीनियम बॉडी स्ट्रक्चर के चलते, कार का मेन स्ट्रक्चर शट लाइन्स से अबाधित एक प्रवाही कैनवास के रूप में प्रतीत होता है और कोचबिल्ट सिल्वर डॉन तथा सिल्वर क्लाउड की याद दिलाता है। पहली बार, एक्स्टसी ऑफ स्पिरिट पैनल लाइन्स से घिरा नहीं है, बल्कि बोनट की अपनी खुद की 'झील' में उसका बसेरा है।

फ्लैंक्स की ओर मुड़ते हैं, मोटर कार की लंबाई पर जोर देने के लिए एक अकेले स्ट्रेट स्ट्रोक का उपयोग किया गया है। निचली 'वेफ्ट लाइन' बोट डिजाइन से ली गई है और सरफेसिंग को हल्का करने तथा गति का एक शुद्ध, सरल एहसास बनाने के लिए रिफ्लेक्शन का उपयोग करती है।

ग्लासहाउस की ओर चलते हैं, यह इरादतन न्यूट्रल है और दोनों दरवाजे बराबर सानुपातिक विंडो ग्राफिक साझा करते हैं, जो संकेत देता है कि न्यू घोस्ट ड्राइवर-उन्मुख और एक शॉफर-चालित कार दोनों के रूप में एक संतुलन बनाता है। एक महीन रूप से आर्च्ड रूफ लाइन बड़ी कोमलता से अपने डायनैमिक अभिप्राय को प्रकट करती है। रियर एंड मूवमेंट के इस एहसास का अनुसरण करता है और एक टेपर में विघटित होता है।

लगभग-वर्गाकार कोमल रियर लाइट ग्राफिक समकालीन रोल्स-रॉयस डिजाइन का एक सिद्धांत बन चुकी है। यह कायम है, लेकिन थोड़ा आगे झुकाव के साथ इसका आधुनिकीकरण किया गया है। यह शट लाइन्स से घिरा हुआ नहीं है और पेंटेड सतह के भीतर एक द्वीप की तरह प्रतीत होता है।

इंटीरियर

क्लाइंट्स के बदलते लक्जरी उपभोग पैटर्न की स्पष्ट समझ और उभरते डिजाइन मूवमेंट्स पर व्यापक नजर ने मार्क को अवगत कराया कि इंटीरियर सौंदर्य शास्त्र को भी एक्सटीरियर के समान मिनीमलिस्ट सिद्धांतों का लक्ष्य रखना चाहिए। न सिर्फ ज्यादा आरामदायक पनाहगाह बनाने के लिए, बल्कि मटेरियल सब्सटेंस का बेहतर जश्न मनाने और बीस्पोक कलर पर्सनलाइजेशन के प्रभाव को अधिकतम करने के लिए बिजी डिटेल्स और सतही अलंकरणों को खारिज कर दिया गया।

बहरहाल, रिडक्शन, सादगी और लालित्य द्वारा परिभाषित परिवेश निर्मित करने की कोशिश बेहद

The Drive, Westhampnett, Chichester, PO18 0SH, UK +44 (0)1243 384000 enquiries@rolls-roycemotorcars.com www.rolls-roycemotorcars.com

Rolls-Royce Motor Cars Limited. Registered in England and Wales. Company number 3522604. Registered address: Summit ONE, Summit Avenue, Farnborough, Hampshire, GU14 0FB.
Rolls-Royce Motor Cars Ltd is authorised and regulated by the Financial Conduct Authority in relation to its credit broking activities in the UK

जटिल होती है। यह बहुत बेहतरीन मटेरियल्स की सोर्सिंग पर भी निर्भर करती है; सुसज्जित होने से रह गए लेदर्स, वुड्स और मेटल्स सबसे समझदार क्लाइंट्स की बारीक जांच-परख को बुलावा देंगे। इस सिरे पर, न्यू घोस्ट के इंटीरियर सुइट को बनाने के लिए प्रयुक्त 20 हाफ हाइड्स में से प्रत्येक, ऑटोमोटिव उद्योग के सबसे व्यापक गुणवत्ता नियंत्रण जांच के अधीन होता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उपयोग किए गए 338 पैनलों में से हर एक - मगर विजिबल - बहुत अच्छी गुणवत्ता का है। आगे लेदरक्राफ्ट में मार्क की क्षमता को जाहिर करते हुए, जटिल, बिजी स्टिचवर्क से थोड़ा परहेज किया गया है, लेकिन अविश्वसनीय रूप से लंबी और पूरी तरह से सीधी लाइंस हैं, जो एक बार फिर से मार्क के क्लाइंट्स की तरफ से महीन छानबीन का स्वागत करती हैं।

न्यू घोस्ट के लिए वुड सेट्स एक ओपन-पोर फिनिश में, अपने नेकेड फॉर्म में बहादुरी से मटेरियल्स प्रदर्शन करते हुए उपलब्ध हैं। वास्तव में, मोटर कार के लिए विशेष रूप से दो नई फिनिश विकसित की गई हैं। पहला ओब्सीडियन आयोस है, जो लावा चट्टान में पाई जाने वाली रंगों की समृद्ध विविधता से प्रेरित है। दूसरा डार्क एम्बर है; यह डार्क वुड में फाइन एल्यूमीनियम पार्टिकल्स के वेन्स को समाहित करते हुए इंटीरियर सुइट में महीन ग्लैमर लाती है। जैसा कि लेदर फिनिशेस के साथ है, इस मटेरियल को लंबे, सिंगल-वेनीर लीव्स के रूप में उजागर किया गया है, जो केवल कोल्ड-टु-द-टच रियल मेटल वेन्ट्स से बंटी है, जिसके माध्यम से एमईपीएस-फिल्टर्ड हवा केबिन तक पहुंचती है।

बीस्पोक

इल्युमिनिटेड फैशिया

न्यू घोस्ट के लिए, मार्क के डिजाइनरों, इंजीनियरों और शिल्पकारों के बीस्पोक समूह ने इल्युमिनेटेड फैशिया बनाया: दुनिया का पहला इनोवेशन जो स्टारलाइट हेडलाइनर को सूक्ष्म रूप से प्रतिध्वनित करता है और स्पिरिट ऑफ एक्स्टसी, पैनथियन ग्रिल और 'डबल आर' मोनोग्राम की तरह रोल्स-रॉयस आइकॉनोग्राफी का हिस्सा बन चुका है।

ROLLS-ROYCE
MOTOR CARS

The Drive, Westhampnett, Chichester, PO18 0SH, UK +44 (0)1243 384000 enquiries@rolls-roycemotorcars.com www.rolls-roycemotorcars.com

Rolls-Royce Motor Cars Limited. Registered in England and Wales. Company number 3522604. Registered address: Summit ONE, Summit Avenue, Farnborough, Hampshire, GU14 0FB.
Rolls-Royce Motor Cars Ltd is authorised and regulated by the Financial Conduct Authority in relation to its credit broking activities in the UK

दो वर्षों के दौरान और 10,000 से अधिक सामूहिक घंटों में विकसित, यह उल्लेखनीय पीस मोटर कार के इंटीरियर सुइट में 850 से अधिक सितारों से घिरी हुई, एक ईथरीय ढंग से चमकती घोस्ट नेमप्लेट लाता है। यह डैशबोर्ड के पैसेंजर साइड पर स्थित है और इंटीरियर लाइट्स चालू नहीं होने पर सितारा समूह और वर्डमार्क पूरी तरह से अदृश्य हो जाते हैं।

न्यू घोस्ट के पोस्ट ऑपुलेंट डिजाइन ट्रीटमेंट के लिए आदर्श रूप से सुसंगत, बीस्पोक कलेक्टिव ने अपने इच्छित इफेक्ट को हासिल करने के लिए सिंपल स्क्रीन तकनीक का उपयोग नहीं करने का विकल्प चुना है। इसके बजाय, उन्होंने एक अत्यधिक जटिल और वास्तविक लक्जरी इनोवेशन की शुरुआत की है। जगमगाहट खुद ही 152 एलईडी से आती है, जो फैशिया के ऊपर और नीचे जड़े हैं। इनमें से प्रत्येक पूरी बारीकी से केबिन क्लॉक और इंस्ट्रूमेंट डायल लाइटिंग के रंग से मेल खाता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि घोस्ट वर्डमार्क समान रूप से रोशन हो, एक 2 मिमी-मोटी लाइट गाइड का इस्तेमाल किया जाता है, जिसमें पूरी सतह पर 90,000 से अधिक लेजर-एच्ड डॉट्स हैं। यह न केवल रोशनी को समान रूप से फैलाता है बल्कि जैसे नजर पूरे फैशिया में घूमती है, यह एक टिमटिमाहट का प्रभाव पैदा करता है और स्टारलाइट हेडलाइनर की सूक्ष्म चमक को प्रतिबिंबित करता है।

व्यापक इंजीनियरिंग कार्य यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया है कि इल्युमिनेटेड फैशिया जब चालू न हो, तो पूरी तरह से अदृश्य रहे।

इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए, कंपोजिट मटेरियल्स की तीन परतों का उपयोग किया गया है। पहला है एक पियानो-ब्लैक सब्सट्रेट, जो रोशनी को समूचे वर्डमार्क और स्टार क्लस्टर में चमकने की अनुमति देने वाला लेजर इच्ड है। फिर यह डार्क टिंटेड लैकर की एक परत से मढ़ा जाता है, जो उपयोग में न होने पर अक्षरों को छिपा देता है। अंत में, फैशिया को 0.5 मिमी मोटी हाई-ग्लॉस फिनिश देने और इंटीरियर में शामिल अन्य हाई-ग्लॉस से मैच कराने के लिए हाथ से पॉलिश किए जाने से पहले बारीक ढंग से टिंटेड लैकर की एक परत में सील किया जाता है।

समाप्त

The Drive, Westhampnett, Chichester, PO18 0SH, UK +44 (0)1243 384000 enquiries@rolls-roycemotorcars.com www.rolls-roycemotorcars.com

Rolls-Royce Motor Cars Limited. Registered in England and Wales. Company number 3522604. Registered address: Summit ONE, Summit Avenue, Farnborough, Hampshire, GU14 0FB.
Rolls-Royce Motor Cars Ltd is authorised and regulated by the Financial Conduct Authority in relation to its credit broking activities in the UK

संपादकों के ध्यानार्थ:

1. इंजन को ऑक्टेन ग्रेड 95 फ्यूल के लिए डिजाइन किया गया है; हालांकि, इसे न्यूनतम 91 ऑक्टेन ग्रेड फ्यूल पर चलाया जा सकता है।

2. प्रारंभिक डेटा जिसकी अभी तक पुष्टि नहीं हुई है, परिवर्तन के अधीन है। प्रदर्शित ईंधन की खपत, CO2 उत्सर्जन और ऊर्जा की खपत की वैल्यूज को यूरोपीय रेगुलेशन (ईसी) 715/2007 के अनुसार टाइप अनुमोदन के समय लागू वर्शन में निर्धारित किया गया है।

3. दिखाई गई रेंज वैकल्पिक उपकरण और चयनित मॉडल पर उपलब्ध पहियों और टायरों के विभिन्न आकारों पर विचार करती है और कॉन्फिगरेशन के दौरान अलग हो सकती है। वैल्यूज पहले से ही नए डब्ल्यूएलटीपी रेगुलेशन पर आधारित हैं और वाहनों के बीच तुलना सुनिश्चित करने के लिए एनईडीसी-समकक्ष वैल्यूज में फिर से अनुदित किए गए हैं। टैक्स या CO2-उत्सर्जन पर आधारित अन्य शुल्कों (कम से कम परस्पर) के मूल्यांकन के लिए, CO2 वैल्यूज यहां बताए गए वैल्यूज से भिन्न हो सकते हैं।

4. आधिकारिक ऊर्जा और ईंधन खपत तथा नई पैसेंजर कारों के आधिकारिक विशिष्ट CO2 उत्सर्जन के बारे में अधिक जानकारी "गाइड टू फ्यूल कंजम्प्शन, CO2 एमिशंस एंड इलेक्ट्रिसिटी कंजम्प्शन ऑफ न्यू पैसेंजर कार्स" में मिल सकती है, जो सभी आउटलेटों पर मुफ्त में और यूनाइटेड किंगडम में http://carfueldata.direct.gov.uk/ पर, जर्मनी में http://www.dat.de/angebote/verlagsprodukte/leitfaden-kraftstoffverbrauch.html पर और / या आपके स्थानीय सरकारी प्राधिकरण में उपलब्ध है।

भारत में कीमतें

Rolls-Royce Motor Cars Limited. Registered in England and Wales. Company number 3522604. Registered address: Summit ONE, Summit Avenue, Farnborough, Hampshire, GU14 0FB.
Rolls-Royce Motor Cars Ltd is authorised and regulated by the Financial Conduct Authority in relation to its credit broking activities in the UK

*6.95 करोड़ रूपये से शुरू

*रोल्स-रॉयस कारें बीस्पोक हैं। वास्तविक कीमत काफी हद तक ग्राहकों द्वारा बताई गई खास विशेषताओं पर निर्भर है।

* टैक्सेस, अन्य शुल्क हटाकर एक्स-शोरूम

Technical Specifications:

Dimensions

Vehicle length	5546 mm / 218 in
Vehicle width	2148 mm / 85 in
Vehicle height (Unladen)	1571 mm / 62 in
Wheelbase	3295 mm / 130 in
Turning circle	13.8 m
Boot volume	500 litres

ROLLS-ROYCE
MOTOR CARS

The Drive, Westhampnett, Chichester, PO18 0SH, UK +44 (0)1243 384000 enquiries@rolls-roycemotorcars.com www.rolls-roycemotorcars.com

Rolls-Royce Motor Cars Limited. Registered in England and Wales. Company number 3522604. Registered address: Summit ONE, Summit Avenue, Farnborough, Hampshire, GU14 0FB.
Rolls-Royce Motor Cars Ltd is authorised and regulated by the Financial Conduct Authority in relation to its credit broking activities in the UK

Weight

Unladen weight (DIN)	2490 kg / 5489.5 lbs

Engine

Engine / cylinders / valves	6.75 litre / 12 / 48
Power output @ engine speed	563 bhp / 571 PS (DIN) / 420kW @ 5000 rpm
Max torque @ engine speed	850 Nm @ 1600 rpm
Fuel type	Petrol

Performance[1]

Top speed	155 mph / 250 km/h (governed)
Acceleration 0-60 mph	4.6 sec
Acceleration 0-100 km/h	4.8 sec

Fuel Efficiency[2]

The Drive, Westhampnett, Chichester, PO18 0SH, UK +44 (0)1243 384000 enquiries@rolls-roycemotorcars.com www.rolls-roycemotorcars.com

Rolls-Royce Motor Cars Limited. Registered in England and Wales. Company number 3522604. Registered address: Summit ONE, Summit Avenue, Farnborough, Hampshire, GU14 0FB.
Rolls-Royce Motor Cars Ltd is authorised and regulated by the Financial Conduct Authority in relation to its credit broking activities in the UK

Combined consumption	15.2-15.7 ltr/100 km / 18-18.6 mpg (Imp)
CO_2 emissions (combined)	347-358g/km

1. Manufacturer's test results. Actual acceleration results may vary depending on specifications of the vehicle, road and environmental conditions, testing procedures and driving styles. These results should be used for comparison only and verification should not be attempted on public roads.
2. The values of fuel consumption CO_2 emissions, and energy consumptions shown are determined according to the European Regulation (EC) 715/2007 in the version applicable at the time of type approval. The range shown considers optional equipment and the different size of wheels and tires available on the selected model and may vary during the configuration. The values are already based on the new WLTP regulation and are translated back into NEDC equivalent values in order to ensure the comparison between the vehicles. For the assessment of taxes or other duties based (at least inter alia) on CO_2-emissions the CO_2 values may differ to the values stated here.

For further information about the official fuel consumption and the specific CO_2 emission of new passenger cars can be taken out of the "Handbook of fuel consumption, the CO_2 emission and power consumption of new passenger cars", which is available at all selling points and at http://carfuel data.direct.gov.uk/

Full technical specification details are available at www.rolls-roycemotorcars.com

Further Information:

You can find all our press releases and press kits, as well as a wide selection of downloadable high-resolution photographs and video footage at our media website, PressClub.

Visuals, B Roll and Film can be found here

The Drive, Westhampnett, Chichester, PO18 0SH, UK +44 (0)1243 384000 enquiries@rolls-roycemotorcars.com www.rolls-roycemotorcars.com

Rolls-Royce Motor Cars Limited. Registered in England and Wales. Company number 3522604. Registered address: Summit ONE, Summit Avenue, Farnborough, Hampshire, GU14 0FB.
Rolls-Royce Motor Cars Ltd is authorised and regulated by the Financial Conduct Authority in relation to its credit broking activities in the UK

Contacts:

Asia Pacific – South & Central

Bussaraporn Charoenkulsak (Gaem)	+66 8166 51995	bussaraporn.c@rrmcapac.com
Joyce Lua	+60 16 200 6142	joyce.lua@rrmcapac.com
Cheryl Lim	+65 9833 7321	cheryl.lim@rrmcapac.com
Chloe Bui	+84 38 7717442 ^	chloe@rrmcapac.com
Hal Serudin	+65 6838 9675	hal.serudin@rolls-roycemotorcars.com
Helpdesk	+65 9017 6272 *	info@rrmcapac.com
	+66 830766196	

*WhatsApp

^Zalo

Rolls-Royce Motor Cars Limited. Registered in England and Wales. Company number 3522604. Registered address: Summit ONE, Summit Avenue, Farnborough, Hampshire, GU14 0FB.
Rolls-Royce Motor Cars Ltd is authorised and regulated by the Financial Conduct Authority in relation to its credit broking activities in the UK